क्रिकेट

डे-नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में तीन मुकाबले, खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

# स्टाइल बॉयज और खालसा वारियर विजयी



**नवभारत, जबलपुर।** खमरिया में सुरक्षा कर्मचारी यूनियन इंटक के तत्वाधान में आयोजित स्वर्गीय आर.एस. त्रिपाठी डे-नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत तीन रोमांचक मुकाबले खेले गए। इन मैचों में स्टाइल बॉयज, बेताल किंग डेविड और खालसा वारियर की टीमों ने शानदार जीत दर्ज की। पहले मुकाबले में स्टाइल बॉयज ने ब्लैक पैंथर को 39 रनों से हराया। स्टाइल बॉयज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 98 रन बनाए, जिसमें हनी ने मात्र 6 गेंदों में 25 रन की तेज पारी खेली। जवाब में ब्लैक पैंथर की टीम 59 रन पर सिमट गई। तुषार ने घातक गेंदबाजी करते हुए 2 ओवर में 4 विकेट लेकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। दूसरे मैच में बेताल किंग डेविड ने आरव 11 को 4 विकेट से पराजित किया। आरव 11 ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 63 रन बनाए। बेताल किंग डेविड के डॉ. दीपक ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 1 ओवर में 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम ने 8 ओवर में 64 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया, जिसमें विकास का उपयोगी योगदान रहा।

### ये रहे मैन ऑफ द मैच

तीनों मैचों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पहले मैच में तुषार, दूसरे में डॉ. दीपक और तीसरे में चरण कमल को 'मैन ऑफ द मैच' घोषित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संतोष सिंह, प्रकाश ठाकुर, जीवन सिंह, चंदन पटेल एवं राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी नवजोत सिंह सिद्धू उपस्थित रहे। निर्णायक की भूमिका जसवंत, आनंद शर्मा, दिनेश दास, अपूर्व श्रीवास्तव और निखिल यादव ने निभाई। इस अवसर पर यूनियन के अनेक पदाधिकारी एवं सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### फैंटम 11 की टीम मात्र 36 रन पर ऑल आउट

तीसरे मुकाबले में खालसा वारियर ने फैंटम 11 को 80 रनों के बड़े अंतर से हराया। खालसा वारियर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 116 रन बनाए, जिसमें चरण कमल ने 18 गेंदों में 40 रन की बेहतरीन पारी खेली। जवाब में फैंटम 11 की टीम मात्र 36 रन पर ऑल आउट हो गई। चरण कमल ने गेंदबाजी में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 विकेट लिए।

## विकास के द्वार खोलती है सड़कें : मंत्री सिंह

**नवभारत, जबलपुर।** किसी भी गांव या शहर में बनने वाली सड़कों का निर्माण उस क्षेत्र के विकास के द्वार खोलता है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में हमारी सरकार हर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास केलिए प्रतिबद्ध है और जबलपुर को लगातार सौगाते मिल रही है इन्ही विकास कार्यों केसौगात की कड़ी में सड़कों केनिर्माण के भी प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। मुझे पूरी उम्मीद है कि इन सड़कों के निर्माण के बाद क्षेत्र के निवासियों के आवागमन में आसानी होंगी साथ ही इससे जुड़ने वाले गाँवो का भी तेजी से विकास होगा। यह बातें लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहीं। बरगी विधानसभा केअंतर्गत बरगी से सिलुआ तक 17.65 किमी लम्बे मार्ग जिसकी लागत लगभग 50 करोड़ और पनागर विधानसभा अंतर्गत पनागर मुड़िया पडोरा सलैया तक 6.20 किमी लम्बे मार्ग जिसकी लागत लगभग 9 करोड़ है इन दोनों कार्यों को लोकनिर्माण विभाग द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है, स्वीकृति पत्र लोकनिर्माण मंत्री राकेश सिंह ने जारी किया है। उल्लेखनीय है उक्त मार्गो केनिर्माण की मांग लम्बे समय से की जा रही थी, इस मांग केदृष्टिगत लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने इसे स्वीकृति दी है और अब बरगी विधानसभा के अंतर्गत बरगी से सिलुआ तक बनने वाली यह सड़क कई गाँवो को जोड़ेगी साथ ही इसकेनिर्माण केसाथ ही क्षेत्र का विकास तेजी से होगा,, इसी तरह पनागर विधानसभा के अंतर्गत पनागर मुड़िया पडोरा सलैया तकबनने वाली सड़कसे भी क्षेत्र वासियो को राहत मिलेगी।



# सांची वॉरियर्स रायसेन की शानदार जीत, मंडला को 3-1 से हराया

**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ के तत्वावधान में ग्लोबल कॉलेज ग्राउंड पर चल रही यू-12 इंटर एकेडमी फुटबॉल प्रतियोगिता में आज खेले गए मैच में सांची वॉरियर्स रायसेन ने नर्मदा वैली मंडला को 3-1 से पराजित किया। मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों ने आक्रामक खेल दिखाया, लेकिन 5वें मिनट में सांची वॉरियर्स के रुद्रवीर ने पहला गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई। 31वें मिनट में अक्षत मिश्रा ने दूसरा गोल कर बढ़त को 2-0 कर दिया। मध्यांतर तक सांची वॉरियर्स आगे रही। दूसरे हाफ में मंडला ने वापसी की कोशिश की, लेकिन 40वें मिनट में शिवांश ने पेनाल्टी से तीसरा गोल कर स्कोर 3-0 कर दिया। इसके बाद 68वें मिनट में मंडला के सिद्धार्थ ने पेनाल्टी से एक गोल कर अंतर 3-1 किया, लेकिन अंततः सांची वॉरियर्स ने मुकाबला अपने नाम कर लिया। मैच में निर्णायक की भूमिका कुलदीप सिंह, रोहित थापा, भानू सोनी, सुभम वर्मा और उत्तम कुमार ने निभाई, जबकि मैच कमिश्नर चंद्रा मालिक रहे। अमित रंजन देव, सचिव, मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ ने जानकारी दी।

## संभाग स्तरीय स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चयन ट्रायल 10 को

नवभारत, जबलपुर। जबलपुर संभाग स्ट्रेंथ लिफ्टिंग संघ एवं नेताजी सुभाष क्लब के संयुक्त तत्वाधान में 10 मई 2026 को जबलपुर में संभाग स्तरीय स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एवं इनक्लाइन बेंच प्रेस चयन ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी 17 मई को इंदौर में आयोजित होने वाली अंतरसंभागीय स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप में भाग लेंगे, जहां से मध्यप्रदेश टीम का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। जबलपुर शहर एवं जिले के महिला व पुरुष खिलाड़ियों का वजन एवं पंजीकरण 5 मई को शाम 6 बजे से 9 बजे तक गोल्ड जिम, कटंगा जबलपुर में किया जाएगा। प्रतियोगिता जूनियर, सीनियर, मास्टर, विकलांग एवं महिला-पुरुष वर्गों में वजन समूह अनुसार आयोजित होगी।

# जेएलयू भोपाल और स्टेमफील्ड एफसी की शानदार जीत

**नवभारत, जबलपुर।** मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ के तत्वावधान में ग्लोबल कॉलेज ग्राउंड में आयोजित यू-12 इंटर एकेडमी फुटबॉल प्रतियोगिता में आज दो मुकाबले खेले गए। यह जानकारी मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ के सचिव अमित रंजन देव ने दी। पहला मुकाबला जे.एल.यू. भोपाल और सांची वॉरियर्स रायसेन के बीच खेला गया। शुरुआत से ही दोनों टीमों ने आक्रामक खेल दिखाया, लेकिन गोल करने में शुरुआती सफलता नहीं मिली। खेल के 13वें मिनट में जे.एल.यू. भोपाल के खिलाड़ी अक्षांस बड़कुल ने



पहला गोल दागकर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद 30वें मिनट में शौर्य पंकज ने दूसरा गोल किया। मध्यांतर तक जे.एल.यू. भोपाल 2-0 से आगे रही। दूसरे हाफ में सांची वॉरियर्स ने बराबरी का प्रयास किया, लेकिन जे.एल.यू. भोपाल ने बढ़त बरकरार रखते हुए 2-0 से मैच जीत लिया।

### ये रहे उपस्थित

प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का प्रदर्शन उत्साहजनक रहा और दर्शकों ने रोमांचक मुकाबलों का भरपूर आनंद लिया। मैच में निर्णायक के रूप में कुलदीप सिंह, सुभम वर्मा, भानू सोनी, रोहित थापा और वंश गुप्ता ने भूमिका निभाई। वहीं मैच कमिश्नर के रूप में चंद्रा मालिक उपस्थित रहे।

# लाइगर किड्स बने बेल्ट विजेता, मार्शल आर्ट्स ग्रेडिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन

अनुशासन और उत्साह के साथ प्रथम कराटे बेल्ट ग्रेडिंग समारोह का समापन






**नवभारत, जबलपुर।** लाइगर मार्शल आर्ट्स अकादमी के तत्वावधान में प्रथम कराटे बेल्ट ग्रेडिंग समारोह अनुशासन और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी तकनीकी क्षमता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। ग्रेडिंग परीक्षा का संचालन शिहान देवराज सिंह राजावत (5 डिग्री ब्लैक बेल्ट, सीनियर एग्जामिनर) द्वारा आधिकारिक परीक्षक के रूप में किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों की तकनीक, संतुलन और आत्मविश्वास का गहन मूल्यांकन किया। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष सेंसई नवीन विश्वकर्मा की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को बढ़ाया। उन्होंने बच्चों को निरंतर अभ्यास और अनुशासन के महत्व पर प्रेरित किया। विद्यार्थियों को प्रशिक्षण आयुषी पिल्ले एवं सेंसई नमन कुमार द्वारा प्रदान किया गया। उनके मार्गदर्शन में बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी योग्यता सिद्ध की।

## किराये पर ली ईको वेन लेकर फरार हुआ जालसाज

**नवभारत, जबलपुर।** मझगवां थाना अंतर्गत अगरिया में जालसाज ने एक युवक की मेहनत की कमाई पर पानी फेरते हुए उसकी ईको गाड़ी प्रतिदिन किराये पर ली और फिर उसे लेकर गायब हो गया। काफी तलाश के बाद जब गाड़ी का पता नहीं चला, तो पीड़ित ने थाने में न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि अगरिया निवासी पीड़ित अनिल गडारी (24) अपनी किराने की दुकान चलाता है। उसने अपनी आय बढ़ाने के उद्देश्य से अक्टूबर 2024 में 1.10 लाख की डाउन पेमेंट कर एक ईको गाड़ी क्रमांक एमपी 20 जेड 6087 फाइनेंस कराई थी, जिसकी वह 15,960 की मासिक किस्त भर रहा था। इसी बीच ग्राम देवरी नवीन निवासी वीरेंद्र चौबे ने धर्मेंद्र साहू के माध्यम से अनिल से संपर्क किया और 1000 प्रतिदिन के किराये पर गाड़ी चलाने का प्रस्ताव दिया। 22 जनवरी 2026 को वीरेंद्र चौबे ने गाड़ी किराये पर ली। शुरुआत में उसने अनिल के खाते में यूपीआई के माध्यम से 15,000 जमा किए ताकि अनिल का भरोसा जीता जा सके। लेकिन इसके बाद आरोपी के इरादे बदल गए। अनिल ने जब भी अपनी गाड़ी वापस मांगी या बकाया किराये के पैसे मांगे, वीरेंद्र फोन पर उसे केवल झूठा आश्वासन देता रहा। पीड़ित अनिल ने जब खुद वीरेंद्र के घर जाकर पता किया, तो वह वहां नहीं मिला।


## अश्लील हरकत करने से रोका तो गुंडागर्दी, घर में घुसकर तोड़फोड़, धमकाया

**नवभारत, जबलपुर।** लार्डगंज थाना अंतर्गत जीरो डिग्री में घर के बाहर खड़ी स्कूटी पर अश्लील हरकत कर रहे युवक-युवती को जब घर के मालिक ने मर्यादा का पाठ पढ़ाया, तो आरोपियों ने साथियों के साथ मिलकर घर पर धावा बोल दिया। आरोपियों ने घर में घुसकर जमकर तोड़फोड़ की और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने बताया कि जीरो डिग्री निवासी निशांत अहिरवार (28) ने पुलिस को बताया कि बीती रात उनके घर के पास स्कूटी क्रमांक एमपी 20 जेड जी 9276 पर एक लड़का और लड़की खड़े होकर अशोभनीय हरकत कर रहे थे। निशांत ने जब उन्हें घर के पास से हटकर मुख्य मार्ग पर जाने को कहा, तो आरोपी युवक विवाद पर उतारू हो गया। उसने बदतमीजी करते हुए कहा, जमीन तेरी नहीं है, मैं यहीं खड़ा रहूंगा और निशांत को धक्का देकर वहां से चला गया। विवाद के करीब एक घंटे बाद आरोपी अपने अन्य साथियों के साथ डंडे और ईंटें लेकर वापस लौटा।

## राजेश खरे (पप्पू) का निधन



**नवभारत, जबलपुर।** 514 कमला नेहरू नगर चौबे डेरी के पीछे के निवासी राजेश खरे (पप्पू) राजेश कैटरर्स का 52 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे स्व राजेन्द्र प्रसाद खरे के पुत्र, मनीष खरे बब्लू के बड़े भाई थे। अंतिम संस्कार रानीताल में संपन्न हुआ।




# ऊंझा गुजरात से दर्शन कर लौटे सदस्यों का अभिनंदन

मदन महल स्टेशन पर उमिया परिवार ने किया स्वागत

**नवभारत, जबलपुर।** मां उमिया के दर्शन कर ऊंझा (गुजरात) से लौटे उमिया परिवार के वरिष्ठ एवं मार्गदर्शक सदस्यों का सोमवार को मदन महल रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। सोमनाथ एक्सप्रेस से दोपहर 2 बजे पहुंचे समाज के प्रतिष्ठितजनों का फूल-मालाओं से अभिनंदन कर श्रद्धा और उत्साह के साथ स्वागत किया गया। दर्शन कर लौटे महेश पटेल (रोझा), रामकुमार पटेल (जुगतरैया), नरबद पटेल (चेरीताल), तहसीलदार कामता पटेल, डॉ. ओ.पी. पटेल एवं रामबली पटेल (चुंगी नाका) सहित अन्य सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर उमिया परिवार के सदस्यों एवं स्वजातीय बंधु बड़ी संख्या उपस्थित रहे।

## प्रशासनिक बाधाओं को दूर कर शीघ्र होगा ओटी एरियर्स का भुगतान

**नवभारत, जबलपुर।** जी.सी.एफ. के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य महाप्रबंधक ऋतुराज द्विवेदी से भेंट कर ओ.टी. एरियर्स के लंबित भुगतान को शीघ्र कराने की मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल में होरी लाल विश्वकर्मा (पूर्व अध्यक्ष), रवि कुमार जैन (पूर्व सदस्य), भगवानदीन एवंबी.पी. रजक (पूर्व कार्य समिति सदस्य) शामिल थे।

उत्तम विश्वास से मिली जानकारी के अनुसार प्रतिनिधियों ने बताया कि जहां सेवारत कर्मचारियों को ओ.टी. एरियर्स का भुगतान किया जा चुका है, वहीं सेवानिवृत्त वरिष्ठ नागरिकों को अब तक इसका लाभ नहीं मिला है, जो कि न्यायोचित नहीं है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि भारत सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता दी जाती है तथा कैट कोर्ट के आदेश में सभी के लिए समान निर्देश दिए गए हैं, बावजूद इसके जी.सी.एफ. प्रशासन द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के प्रति उदासीनता से असंतोष व्याप्त है। मुख्य महाप्रबंधक ऋतुराज द्विवेदी ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वस्त किया कि प्रशासनिक बाधाओं को दूर कर शीघ्र ही ओ.टी. एरियर्स का भुगतान कराया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी जारी किए। इसके उपरांत प्रतिनिधिमंडल ने मजदूर संघ हथौड़ा के महामंत्री रोहित यादव से भी मुलाकात कर प्रशासन से हुई वार्ता की विस्तृत जानकारी साझा की।


## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर

// निविदा आमंत्रण सूचना// (तृतीय निविदा)

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | PRO- 124 Date-05/05/2026 2026_UAD_503035_1 | संभाग क्र.11 के दादा ईश्वरदास रोहाणी वार्ड क्र. 79 के अंतर्गत श्री अजीत अग्रवाल जी के घर के पीछे से-श्री राजू यादव श्री टीकाराम विश्वकर्मा जी श्री ओम प्रकाश (फुग्गा) यादव जी व्हाया जीतू गोस्वामी जी श्री विमलेश झारिया जी के घर से रायल इंडियन पब्लिक स्कू के पास नाले तक नाली निर्माण कार्य। | 03 month 5.15 | 2000.00 5150.00 | 21/05/2026 |
| 2. | PRO- 124 Date-05/05/2026 2026_UAD_503035_2 | संभाग क्र.11 के दादा ईश्वरदास रोहाणी वार्ड क्र. 79 के अंतर्गत उमरिया मेन रोड स्थित सामुदायिक भवन एवं परिसर के शेष हिस्से का निर्माण कार्य। | 02 month 1.84 | 2000.00 3682.00 | 21/05/2026 |
| 3. | PRO- 124 Date-05/05/2026 2026_UAD_503035_3 | संभाग क्र.11 के दादा ईश्वरदास रोहाणी वार्ड क्र. 79 के अंतर्गत उमरिया मेन रोड में बूढ़ी माई स्थित सार्वजनिक स्थान में स्लैब डालने का कार्य। | 03 month 5.03 | 2000.00 5034.00 | 21/05/2026 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री नगर पालिक निगम जबलपुर


# कार्यक्रम

संगीतमय प्रस्तुति में गूंजे अमर गीत, श्रोताओं ने लिया सुरों का आनंद

# 'दिल ढूंढता है' में सुरों की जादूगरी, सदाबहार गीतों ने बांधा समां






**नवभारत, जबलपुर।** महाकौशल शहीद स्मारक ट्रस्ट, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ जबलपुर द्वारा निनाद के तत्वावधान में संगीतमय कार्यक्रम 'दिल ढूंढता है (अ म्यूजिकल जर्नी)' का भव्य आयोजन शहीद स्मारक प्रेक्षागृह, गोलबाजार में लोकेश मालवीय एवं नीलम मालवीय की परिकल्पना एवं निर्देशन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संजय चौबे एवं अंतरराष्ट्रीय बांसुरी वादक मुरलीधर नागराज उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में तापसी नागराज, बबलू मेहत्रा, दिलीप कोरी एवं जय प्रकाश गुर्जर की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया। गायन प्रस्तुति में तापसी नागराज, नीलम मालवीय, रमेश पुरी, मृदुल घोष, आकाश जैन, आर्यन भट्ट, मनोज नाथ एवं मंजरी खण्डेलवाल ने अपनी सुमधुर आवाज़ से समां बांध दिया। कोरस में माही सोनी, आरती दुबे, परीक्षा राजपूत, चांदनी सेन, भावना विश्वकर्मा एवं अनामिका बाजपेई ने प्रभावी संगति प्रदान की। वाद्य यंत्रों पर मुरलीधर नागराज (बांसुरी), लोकेश मालवीय (तबला), रमन पिल्लई (पियानो), अनुराग बैन (ढोलक), अंकित देवक (की-बोर्ड), आरोही मिश्रा (गिटार), आयुष वर्मन (ड्रम) एवं अंकित बाबरिया (बेस गिटार) ने उत्कृष्ट संगत देकर कार्यक्रम को ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

### मनमोहक प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

संगीत संध्या में 'अच्छा जी मैं हारी पिया', 'सुन मेरे बंधु रे', 'पिया तोसे नैना लागे रे' और 'दिल ढूंढता है' जैसे सदाबहार गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मृदुल घोष, नीलम मालवीय, मनोज एवं रमेश पुरी गोस्वामी की प्रस्तुतियों को दर्शकों ने भरपूर सराहा और पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा। कार्यक्रम का सफल संचालन मकरंद बडनेरकर द्वारा किया गया।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग शहडोल

कार्यालय पता- तहसील आफिस के बगल में तह.सोहागपुर जिला शहडोल

ईमेल आई.डी.-eeressdl@gmail.com

क्रमांक/847/ई-निविदा/गायांसे/2026

शहडोल, दिनांक : 29/04/2026

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 01/2026-27

म.प्र. के राज्यपाल की ओर से Covers-2 (दो लिफाफा पद्धति)के आधार पर ऑनलाइन प्रतिशन दर निविदा प्रपत्र एपेन्डिक्स 2.10 अनुसार निविदाएं लोक निर्माण विभाग की केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है-

| क्र. | ग्रायांसेवा संभाग | सिस्टम टेण्डर आईडी नंबर | कार्य का नाम | विकास खंड | निविदा लागत (PAC) (रू. लाख में) | अमानत राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (राशि रूपये में) | समयावधि (वर्षाकाल सहित) | आमंत्रण क्रम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | शहडोल | 2026_RES _504238 | जिला पंचायत शहडोल के भू-तल एवं प्रथम तल में मीटिंग हाल निर्माण। | सोहागपुर | 16.91 | 33820 | 2000 | 180 दिन | प्रथम |

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेंडर डॉक्यूमेंट्स),वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकेंगे। निविदा प्रपत्र क्रय करने की दिनांक 12/05/2026 से प्रारंभ होकर दिनांक 22/05/2026 समय 06:00 बजे सायं तथा निविदा प्रपत्र ऑनलाईन प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 22/05/2026 समय 06:00 बजे सायं तक निर्धारित है। निविदा Cover लिफाफा-A (Cover-1) एवं निविदा Cover लिफाफा-C (Cover-3) ऑनलाईन ही जमा/अपलोड (Submit) करने होंगे। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है। संशोधन की सूचना अलग से प्रकाशित नहीं की जायेगी। संशोधन संबंधी सूचनाए केवल वेबसाईट पर ही अपलोड की जायेगी। समस्त निविदाकारों को सलाह दी जाती है, कि वे अंतिम दिवस की प्रतीक्षा न करें, शीघ्रातिशीघ्र बिड जमा करें। वेबसाइट में किसी प्रकार की असुविधा के लिए विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग शहडोल म.प्र.

जी-12412/26

स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता